# फिर बिगड़ेगा मौसम का मिजाज

**10 अप्रैल तक बारिश बिजली का अलर्ट**

**कई राज्यों में तूफान और बर्फबारी के आसार**



**नई दिल्ली, 4 अप्रैल. देशभर में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में बारिश, आंधी और बिजली गिरने की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं.**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 10 अप्रैल तक के लिए विस्तृत मौसम अपडेट जारी करते हुए उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत तक कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और तूफान की चेतावनी दी है. खासतौर पर 5 और 6 अप्रैल को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमालय समेत कई राज्यों में मौसम अधिक सक्रिय रहने की संभावना है.मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, वहीं कई जगहों पर बिजली गिरने का भी खतरा बना रहेगा.

इसके अलावा पहाड़ी इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी की भी संभावना जताई गई है.मौसम में यह बदलाव मुख्य रूप से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हो रहा है, जो लगातार उत्तरी और मध्य भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है.

> पूर्वोत्तर भारत में भी मौसम सक्रिय रहेगा.असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में कई दिनों तक तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है.वहीं बिहार, झारखंड और ओडिशा में भी अलग-अलग तारीखों में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है.दक्षिण भारत के राज्यों जैसे कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में भी 4 से 8 अप्रैल के बीच मौसम खराब रहने का अनुमान है.इन इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है.दिल्ली में मौसम पर पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ दिखाई दे रहा है.हाल ही में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश दर्ज की गई. जिससे तापमान में गिरावट आई है.

## वाशिंगटन डीसी मेयर रेस में रिनी संपत

**वाशिंगटन.** तमिलनाडु में जन्मीं रिनी संपत वाशिंगटन डीसी के मेयर पद के चुनाव में हिस्सा लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं. डेमोक्रेटिक पार्टी की 31 वर्षीय सरकारी अनुबंधक का चुनाव अभियान 'बुनियादी चीजों को ठीक करो' के विषय और 'एक नए डीसी' के वादे पर आधारित है. संपत ने अपनी चुनावी वेबसाइट पर कहा, मैं कोई नेता नहीं हूं. मेरा किसी विशेष हित समूह से कोई संबंध नहीं है. अब समय आ गया है कि कोई बाहर का व्यक्ति हमारे शहर की बुनियादी सेवाओं को सुधारने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करे. तमिलनाडु के थेनी में जन्मीं संपत सात साल की उम्र में अमेरिका आ गईं और एक दशक से अधिक समय से वाशिंगटन डीसी में रह रही हैं.

# यूएई ने युद्ध के बीच पाक से मांगा 2 अरब डॉलर

- कर्ज लौटाओ! यूएई ने पाकिस्तान से वसूली शुरू की
- अमेरिका-ईरान जंग के बीच यूएई का पाकिस्तान पर दबाव



**इस्लामाबाद, 4 अप्रैल. यूएई ने युद्ध के बीच पकिस्तान से अपने 2 अरब डॉलर के कर्ज की तत्काल वसूली की मांग की है। यह कर्ज पाकिस्तान के भुगतान संतुलन को सहारा देने के लिए पहले स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान में जमा किया गया था.**

पाकिस्तान इस राशि का भुगतान इस महीने के अंत तक करेगा। अमेरिका-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व की अस्थिर स्थिति ने इस कदम को और महत्वपूर्ण बना दिया है। अमेरिका और ढ्ढह्लह्डुद्गद्य के खिलाफ ईरान की सैन्य कार्रवाई के बीच, खाड़ी के देश यूएई ने अपने 2 अरब डॉलर के कर्ज की वसूली के लिए पकिस्तान पर दबाव डाला है। यह कर्ज पाकिस्तान के भुगतान संतुलन को सहारा देने के लिए पहले स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान में सुरक्षित रखा गया था, और इस पर पाकिस्तान करीब 6 प्रतिशत ब्याज चुका रहा था। पहले यूएई इस राशि को सालाना रोलओवर करता था, लेकिन अब उसने तत्काल भुगतान की मांग की है। पाकिस्तान के पास वर्तमान में 21 अरब डॉलर से अधिक विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे वह यूएई का कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में उसे अतिरिक्त विदेशी आर्थिक मदद की फिर से आवश्यकता पड़ सकती है.

> यह कर्ज पाकिस्तान के भुगतान संतुलन को सहारा देने के लिए दिया गया था और यह पैसा स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान में सुरक्षित जमा के रूप में रखा गया था. सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान इस राशि पर करीब 6 प्रतिशत ब्याज चुका रहा था. पहले यूएई इस जमा राशि को हर साल रोलओवर कर देता था.

# पुलिस ने 2 बांग्लादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार

- घरेलू नौकरानी के तौर पर काम ढूंढ रही थीं
- अभियान के दौरान दोनों महिलाओं को रोका गया

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल. दिल्ली पुलिस ने दो बंगलादेशी महिलाओं को पकड़ा है, जो उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में घरेलू सहायिका बनकर अवैध रूप से रह रही थीं.**

अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई उत्तर-पश्चिमी जिले के विदेशी प्रकोष्ठ द्वारा उन बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के बारे में मिली विशेष सूचना के आधार पर की गयी, जो घरेलू नौकरानी के तौर पर काम ढूंढ रही थीं। इस अभियान के दौरान दोनों महिलाओं को रोका गया और शुरू में उन्होंने खुद को भारतीय नागरिक बताया. उनके जवाबों में विसंगति होने के कारण शक पैदा हुआ, जिसके कारण आगे की जांच-पड़ताल की गयी। इसके बाद की गयी जांच से पता चला कि दोनों महिलाएं बांग्लादेशी नागरिक थीं और दिल्ली में बिना किसी वैध यात्रा या पहचान दस्तावेज के रह रही थीं। पुलिस ने दो स्मार्टफोन भी बरामद किये, जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ एप्लिकेशन इंस्टॉल था। साथ ही इन उपकरणों में बंगलादेशी पहचान दस्तावेज भी सहेजकर रखे गये थे.

> उत्तर-पश्चिमी जिले की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आकांक्षा यादव ने बताया कि यह अभियान अवैध प्रवासन पर रोक लगाने और विदेशी नागरिकों से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के चल रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा है।उन्होंने कहा कि उचित कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गयी हैं और इन व्यक्तियों को देश-निकाला के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष पेश किया गया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से रहने और उससे संबंधित अन्य उल्लंघनों की पहचान करने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पूरे जिले में इस तरह के सत्यापन अभियान जारी रहेंगे.

## आज का इतिहास

1659- मकसूदाबाद की लड़ाई में शुजा की हार.

1843- ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने हांगकांग को ब्रिटिश कॉलोनी में शामिल करने का ऐलान किया.

1908- कांग्रेस नेता एवं उप प्रधानमंत्री रहे बाबू जगजीवन राम का जन्म.

1919 - आधुनिक भारतीय मर्चेंट शिपिंग की शुरूआत। सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी का 5,940 टन का पोत लिबर्टी अपनी पहली यात्रा पर रवाना हुआ.

1930- गांधी जी नमक कानून

## पाकिस्तानी कॉस्मेटिक्स बेचने पर 2 लोगों पर केस

**धुले, 04 अप्रैल.** महाराष्ट्र के धुले में पाकिस्तान में बना सौंदर्य प्रसाधन बेचने के आरोप में दो व्यापारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और पाकिस्तान में बना सामान जब्त कर लिया गया है. जांच में पता चला कि जब्त किए गए सामान की कोई रसीद नहीं थी। यह कार्रवाई स्थानीय अपराध अन्वेषण शाखा (एलसीबी) की टीम ने की। एलसीबी टीम ने धुले में कैलाश देवनांद नानकानी के %जय शंकर मार्केट में स्थित साई ट्रेडर्स से 30,063 रुपये मूल्य के विभिन्न प्रकार के सौन्दर्य प्रसाधन और नेशनल हाई स्कूल के पीछे पब्लिक मार्केट में स्थित फजलु रहमान मोहम्मद सलीम अंसारी की दुकान बिग बाजार से 31,411 रुपये मूल्य के सौन्दर्य प्रसाधन जब्त किए.

# भारत को वैश्विक बनाएगी नई शिक्षा नीति

## 1000 दिनों में 60 प्रतिशत नौकरियों की प्रकृति बदल जाएगी : फडणवीस



**नागपुर, 04 अप्रैल. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि नयी शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य वैश्विक ज्ञान का भारतीयकरण और भारतीय ज्ञान का वैश्वीकरण है। उन्होंने कहा कि सिर्फ ऐतिहासिक गौरव का बखान करने से हम महान नहीं बनेंगे.**

इसके साथ हमें वर्तमान और भविष्य की वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा प्रणाली को दिशा देनी होगी। श्री फडणवीस महाराष्ट्र ज्ञान सभा-2026 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अपना संबोधन दे रहे थे। यह सम्मेलन राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, गोंडवाना विश्वविद्यालय, विश्वेश्वरय्या प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईएम नागपुर और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। पहली औद्योगिक क्रांति 1760 में हुई थी, और इसके बाद की तीन औद्योगिक क्रांतियों में करीब 250 साल लगे, लेकिन पिछले 15 वर्षों में ही तीन औद्योगिक क्रांतियां देखने को मिली हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हम इस तेजी को नहीं समझ पाये, तो पीछे रह जाएंगे। फडणवीस ने डीप टेक्नोलॉजी के विकास में भारतीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और यही इस परिवर्तन का प्रमुख आधार हैं.

# चीनी सीसीटीवी कैमरों का हो रहा इस्तेमाल : राहुल

- 10 लाख चीनी कैमरे डेटा जोखिम पैदा कर रहे



**नई दिल्ली, 04 अप्रैल. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चीनी सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रही है और जिन पर खुद उसने प्रतिबंध लगाया उन्हीं से निगरानी करवाकर जनता की जान जोखिम में डाल रही है.**

गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि सरकार से जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल पूछा तो ठोस जवाब नहीं दिया गया. उनका कहना था कि सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे अब भी लगे हुए हैं. प्रतिबंधित चीनी ऐप्स बदले हुए नामों के साथ फिर से सामने आ रहे हैं.विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सबके बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है. उन्होंने कहा कि मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछा. जवाब में बहुत कुछ कहा गया लेकिन जो पूछा गया था उसका कोई जवाब नहीं मिला.कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं. कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ चल रहे हैं. मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब,एक भी प्लेटफॉर्म का नाम तक नहीं. कांग्रेस नेता ने कहा कि 5 साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं. आज भी सरकार ने ये नहीं बताया कि आज जो कैमरे हम पर नजर रख रहे हैं. वे सुरक्षित हैं या नहीं.

## कॉल डिटेल रिकॉर्ड का सीडीआर लीक के बाद विपक्ष हमलावर

मुंबई, 4 अप्रैल. महाराष्ट्र की राजनीति में उस वक्त राजनीति तेज हो गई जब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और स्वयंभू बाबा अशोक खैरात के बीच 17 बार फोन पर बातचीत का दावा सामने आया.

कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से जुड़े इस खुलासे ने सियासी माहौल को गरमा दिया है और विपक्ष ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दामनिआ ने दावा किया है कि दोनों के बीच कम से कम 17 बार बातचीत हुई, जिसका आधार कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) है. जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। वहीं, सचिन सावंत ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की है.

# बंगाल में 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के दिए निर्देश

**1200 मतदाता की संख्या प्रति केन्द्र में है**

**321 मतदान केंद्रों की मतदाताओं की सुविधा**




**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश दिये हैं.**

सहायक मतदान केंद्र उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे जहां मतदाताओं की संख्या प्रति मतदान केंद्र 1200 से अधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य में 321 मतदान केंद्रों को मतदाताओं की सुविधा के लिए उनके पहले निर्धारित स्थानों से दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा.आयोग की ओर से शनिवार को दी गयी जानकारी के अनुसार सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना के साथ ही राज्य में इस बार कुल मतदान केंद्र 85379 हो जाएंगे.राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने इस संबंध में प्रशासन को आवश्यक निर्देश दे दिये हैं.राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना और स्थानांतरित मतदान केदों के बारे में संबंधित मतदाताओं को घर-घर जाकर अवगत कराया जाना चाहिए. इस संबंध में व्यापक प्रचार किए जाएंगे.उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को कराए जाएंगे.वहीं, मतगणना चार मई को होगी.

## पीएम मोदी के नेतृत्व में असम विकास की राह पर



**श्रीभूमि.** भाजपा नेता नितिन नबीन ने असम में आयोजित जनसभा में दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन साफ संकेत देता है कि एनडीए सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी। नबीन ने पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कांग्रेस के पुराने शासन पर भी जमकर निशाना साधा। नितिन नबीन ने असम के श्रीभूमि में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के नेतृत्व में राज्य ने पिछले एक दशक में अभूतपूर्व विकास किया है। नबीन ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में असम अपराध और पिछड़ेपन का केंद्र बन गया था.

## विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ने का समय



**पुडुचेरी.** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पुडुचेरी में सत्तारूढ़ एआईएनआरसी-नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को अवसरवादी करार देते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार और लूट पर आधारित है। कांग्रेस-डीएमके के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि 09 अप्रैल को होने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा-आरएसएस की विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ने का अवसर है.

## केरल में शशि थरूर के काफिले पर हमला



**वांडूर.** शशि थरूर के काफिले पर केरल में हमला हुआ है , जिसमें उनके गनमैन और ड्राइवर को चोटें आई। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की प्रक्रिया जारी है। घटना शुक्रवार शाम तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे इलाके में हुई। सांसद उस समय चुनाव प्रचार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. शशि थरूर के काफिले को शुक्रवार शाम वांडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे इलाके में निशाना बनाया गया।

## असम विस उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3 .25 करोड़

**गुवाहाटी. असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़ रुपये है, जो पांच वर्ष पहले हुए राज्य विधानसभा चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति से 54 प्रतिशत अधिक है।**


एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और असम इलेक्शन वॉच ने शनिवार को अपनी रिपोर्टों में कहा कि 2021 के असम विधानसभा चुनावों में प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2.10 करोड़ रुपये थी। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ रहे सभी 722 उम्मीदवारों के स्व-घोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। पिछले चुनावों में 941 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था।

रिपोर्टों के अनुसार इस वर्ष विधानसभा की 126 सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे 722 उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 2,352 करोड़ रुपये है। इनमें से 39 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं जबकि पांच साल पहले यह आंकड़ा 28 प्रतिशत था। हैलाकांडी से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल रॉय की घोषित संपत्ति 261 करोड़ रुपये से अधिक है और वह सबसे धनी उम्मीदवार हैं।

उनके बाद अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल का स्थान है जिनकी संपत्ति 220 करोड़ रुपये से अधिक है। अजमल बिन्नाकांडी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के एक अन्य उम्मीदवार जयंता खांड रोंगोनाडी से चुनावी मैदान में हैं और उन्होंने हलफनामे में 67 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बताई है, जिससे वह तीसरे सबसे धनी उम्मीदवार बने हैं।

धनवान उम्मीदवारों के विपरीत दो उम्मीदवारों ध्रुबो चक्रवर्ती और जिबोन रॉय ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। ये दोनों हैलाकांडी निर्वाचन क्षेत्र से स्वतंत्र उम्मीदवार हैं.

## अधीर रंजन के चुनाव प्रचार पर हमला



**कोलकाता.** अधीर रंजन चौधरी के चुनाव प्रचार के दौरान उनके कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया .इस हमले ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को गरमा दिया है। कांग्रेस ने इस घटना के लिए टीएमसी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है। अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने मुर्शिदाबाद के बहरामपुर क्षेत्र में उनके चुनाव प्रचार के दौरान हमला किया. यह घटना उस समय हुई जब वे जनसंपर्क अभियान में शामिल थे। कांग्रेस के अनुसार, टीएमसी समर्थकों ने न केवल प्रचार अभियान में बाधा डाली.

# भूकंप से एक आवासीय इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत

- दिल्ली तक महसूस हुए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली/काबुल, 04 अप्रैल. अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में शुक्रवार रात पौने दस बजे आये जोरदार भूकंप के झटके उत्तर भारत के बड़े हिस्से में महसूस किये गये.**

रिक्टर पैमाने पर 5.9 की तीव्रता वाले इस भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर समेत जम्मू-कश्मीर, पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में महसूस किए गए.

इनमें देश में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है.नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के जुरम इलाके में 150 से 175 किलोमीटर की गहराई पर था.यह इलाका ताजिकिस्तान का सीमावर्ती क्षेत्र है.अफगानिस्तान मीडिया के अनुसार इस भूकंप के कारण बगरामी जिले के गौसफंद क्षेत्र में एक आवासीय इमारत गिर गयी, जिसके कारण छह लोगों की मौत हो गयी और एक लापता है.

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और पुंछ जैसे इलाकों में झटके काफी तेज थे.पंजाब के अमृतसर, लुधियाना और चंडीगढ़ में भी धरती कांपने की खबर मिली.कई शहरों में बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोग घबराहट में नीचे उतर आये.दिल्ली-एनसीआर (नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद) में भी लोगों ने कुछ सेकंड तक कंपन महसूस किया.

**न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी जिला इन्दौर**

**(श्री रोशन राय अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर कक्ष क्रमांक -109)**

क्रमांक /593/अकरी-4/2026 प्रकरण क्रमांक/0380/ब-121/2025-26
इन्दौर, दिनांक 09/03/2026

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

प्रति,
1. श्री चंदन जलोरिया पिता श्री प्रहलाद जलोरिया
2. श्रीमती शीतल पति श्री चंदन जलोरिया
दोनों का पता -: ग्राम शिप्रा बुढ़ी बरलाई इंन्दौर म.प्र. 453771
पता 2-: प्लॉट नंबर 123 माँ क्षिप्रा विहार एक्सटेंशन कॉलोनी ग्राम पीर कराडिया तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. 453771
द्वारा :- तहसील/सांवेर, राऊ/पंजीकृत, डाक/समाचार, विज्ञप्ति

--0--

प्रार्थी प्राधिकृत अधिकारी डी सी बी बैंक द्वारा निवेदन किया गया कि बंधक संपत्ति - संपति के सभी भाग एवं अंग प्लॉट नंबर 123 माँ क्षिप्रा विहार एक्सटेंशन कॉलोनी ग्राम पीर कराडिया सांवेर जिला इंदौर म.प्र. जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट अर्थात 55.74 पर बकाया ऋण राशि रु 18,50,500/- ब्याज व अन्य खर्चे का चुकारा आपके द्वारा नही किया गया और न ही प्रतिभूति सम्पत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूति के रुप मे रखी सम्पत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर (कक्ष क्रमांक जी-109 में **दिनांक 10/04/2026** को **दोपहर 02: 00** बजे होगी।) आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**(रोशन राय)**
**अपर जिला दण्डाधिकारी**
**जिला, इन्दौर (म.प्र.)**

**Chola** Enter a better life

# चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः चोला क्रेस्ट, सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600 032, टी. एन.

**ई-नीलामी बिक्री सूचना (केवल ई-बोली के माध्यम से बिक्री)**

**अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के तहत जारी की गई।**

इसके द्वारा सामान्य जनता और विशेष रूप से कॉलम (A) में बताए गए उधारकर्ताओं और गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कॉलम (C) में वर्णित नीचे दी गई अचल संपत्तियों को सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित रखा गया है। इन संपत्तियों का कब्जा, जैसा कि कॉलम (D) में वर्णित है, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। इन संपत्तियों की बिक्री नीचे दिए गए विवरण के अनुसार "जैसा है जहाँ है" (As Is Where Is), "जैसा है वैसा ही" (As Is What Is) और "जो कुछ भी वहां है" (Whatever There Is) के आधार पर की जाएगी। इसके द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं (मृतक होने की स्थिति में उनके कानूनी उत्तराधिकारियों, प्रतिनिधियों, निष्पादकों, प्रशासकों, और वारिसों), जिनका उल्लेख कॉलम (A) में है, को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट https://www.cholamandalam.com और www.auctionfocus.in पर दिए गए लिंक को देखे

| | (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई और एफ) | (जी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्र. | ऋण खाता संख्या / उधारकर्ता/ऋणकताओं/ बंधक/बंधककताओं/ गारंटर/गारंटरों के नाम | बकाया राशि की वसूली की जानी है (सुरक्षित ऋण) | अचल संपत्ति/प्रतिभूति का विवरण | प्रकार कब्जा | आरक्षित मूल्य (रुपये में)<br>बयाना राशि (रुपये में) | नीलामी की तिथि और समय |
| 1. | ऋण खाता. नं. (एस). : HL09IND000062299<br>1. श्रीमान/श्रीमती बद्रीलाल<br>2. श्रीमान श्रीमती निर्मला<br>पता : ग्राम करवासा, बेटमा इंदौर, मंदिर, इंदौर, मध्य प्रदेश - 453001. यहां भीः एलआईजी प्लॉट नंबर एल-2 पीएच नंबर 37 श्री श्याम विहार कॉलोनी सलामपुर बेटमा रोड देपालपुर-453001. | रू. 21,91,166/- (ईक्कीस लाख इनक्यानवे हजार एक सौ छयासठ मात्र) देय राशि 14.10.2025 तक देय | साइट के अनुसार पताः- /LIG प्लॉट संख्या 2, पीएच नं. 37 श्री श्याम विहार कॉलोनी, सालमपुर, देपालपुर इंदौर - 453001 मध्य प्रदेश। दस्तावेज के अनुसार पताः- L02 बेटमा रोड, देपालपुर। सीमाएँः- योजना/ दस्तावेज /लेआउट के अनुसारः- पूर्वः प्लॉट संख्या E-3, पश्चिमः सड़क, दक्षिणः प्लॉट संख्या L-1, उत्तरः प्लॉट संख्या L-3। वास्तविक साइट के अनुसारः- पूर्व - प्लॉट संख्या E-3, पश्चिम - सड़क दक्षिण - प्लॉट संख्या L-1, उत्तर - प्लॉट संख्या L-3 | रचनात्मक कब्जा | रू. 23,09,958/- (तेईस लाख नौ हजार नौ सौ अट्ठावन मात्र)<br>रू. 2,30,995/- (दो लाख तीस हजार नौ सौ पिनच्यानवे मात्र) | 23-04-2026 दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक (निविदा दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक 5 मिनट के स्वचालित विस्तार के साथ) |
| | निरीक्षण की तिथि एवं समयः - 21.04.2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच। | | | | न्यूनतम बोली वृद्धि राशिः 10,000 रुपये/- | |
| | सहभागिता हेतु बोली/ईएमडी/अनुरोध पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22.04.2026 शाम 5 बजे तक है। | | | | | |

* ऋण समझौते के अनुसार लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित, भुगतान की तिथि तक और/या उसकी वसूली तक हुए सभी खर्चों सहित। संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता, बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया श्री मोहित सूर्या से संपर्क करें। संपर्क नंबरः 9301048008 और ईमेलः <mohitsurya@chola.murugappa.com> / श्री राहुल पाठक से उनके मोबाइल नंबरः +91 9977519991 और ईमेलः rahulpathak@chola.murugappa.com पर संपर्क करें। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कोई भार नहीं है।

**दिनांकः 03.04.2026**
**स्थानः इन्दौर, मध्यप्रदेश**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड**